श्याम सुन्दर अब तो हम,
आशिक़ तुम्हारे बन गए,
तुम हमारे बन गए,
और हम तुम्हारे बन गए।।

जब ये दिल दुनिया का था,
दुश्मन हजारो के हुए,
जब ये दिल दुनिया का था,
दुश्मन हजारो के हुए,
जब ये दिल तुमको दिया,
हर दिल के प्यारे बन गए,
श्याम सुन्दर अब तो हम,
आशिक़ तुम्हारे बन गए।।

जोग जप तप नैम से,
कोई बना बिगड़ा करे,
जोग जप तप नैम से,
कोई बना बिगड़ा करे,
हम अजामिल गिद्ध गणिका,
के सहारे बन गए,
श्याम सुन्दर अब तो हम,
आशिक़ तुम्हारे बन गए।।

आँख भर देखेंगे जब,

तुमको समझ लेंगे कभी,
आँख भर देखेंगे जब,
तुमको समझ लेंगे कभी,
दिल बना बैकुंठ दृग पे,
कुण्ठ बन कर रह गए,
श्याम सुन्दर अब तो हम,
आशिक़ तुम्हारे बन गए।।

विरह के नभ पर तुम्हारा,
ध्यान चंद्र उदय हुआ,
विरह के नभ पर तुम्हारा,
ध्यान चंद्र उदय हुआ,
प्रेम की जल बिंदु जो,
टपके सितारे बन गए,
श्याम-सुन्दर अब तो हम,
आशिक़ तुम्हारे बन गए।।

श्याम-सुन्दर अब तो हम,
आशिक़ तुम्हारे बन गए,
तुम हमारे बन गए,
और हम तुम्हारे बन गए।।

Source:
https://www.bharattemples.com/shyam-sundar-ab-to-hum-aashiq-tumhare-ban-gaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw